09.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलवाना सरकार का ध्येय–मुख्यमंत्री ने श्रीगंगानगर में सरसों की एमएसपी पर खरीद का शुभारंभ किया।

○ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आरटीई के तहत ऑनलाइन लॉटरी निकाली–तीन लाख से ज्यादा बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।

○ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी।

○ प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर तेज़ गर्मी का असर जारी–श्रीगंगानगर और दौसा में हल्की बरसात।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज श्रीगंगानगर में सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी पर खरीद का शुभारंभ किया। उन्होंने नई धान मंडी में किसानों को बेचान पर्ची देकर एमएसपी पर सरसों खरीद कार्य की शुरूआत की। सरकार ने सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पांच हजार नौ सौ पचास रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। वहीं चने की खरीद पांच हजार छह सौ पचास रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से की जाएगी। सरसों खरीद के लिए 13 लाख 22 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। एमएसपी के आधार पर पांच लाख छियालिस हजार मीट्रिक टन चने की खरीद की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाना सरकार का ध्येय है। उन्होंने कहा कि खरीद का किसानों के बैंक खातों में सीधा भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मुकाबले सरसों खरीद के मूल्य में नौ सौ रुपये की बढोतरी की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार किसानों की समृद्धि के लिए काम कर रही है।

000

राज्य में सरसों और चने की न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी पर खरीद कल से शुरू होगी। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में आज से इसकी शुरूआत हुई। इसके लिए किसानों ने एक अप्रेल से पंजीयन करवाया था। राजफेड के वाणिज्य महाप्रबंध कार्तिकेय मिश्रा ने आकाशवाणी को बताया कि अब तक एक लाख 20 हजार से अधिक किसान पंजीकरण करवा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि अभी भी किसान अपनी उपज बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि खरीद केंद्रों पर छाया पानी और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए समूचित प्रबंध किये गये हैं। राज्य में सरसों और चने की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज शिक्षा का अधिकार–आरटीई अधिनियम के तहत ऑनलाइन लॉटरी निकाली। इससे 3 लाख से ज्यादा बच्चों को राज्य के कुल 34 हज़ार 799 निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश मिल सकेगा। शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए ये लॉटरी जयपुर के शिक्षा संकुल में निकाली गयी। शिक्षामंत्री ने कहा कि इससे वंचित और कमजोर तबके के बच्चों को मुफ्त शिक्षा सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में निवेश के लिए कई लोगों ने रुचि दिखाई है। उन्होंने बताया

कि राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए 261 एमओयू अनुमोदित किये गये हैं। इससे करीब साढे 15 हजार करोड रुपये की राशि का निवेश होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से अपने निवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने श्री हमदान को राजस्थान के महान योद्धा महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की प्रतिमा भेंट की। श्री मोदी ने उन्हें राज्य की विरासत, शौर्य और गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया। साथ ही चेतक के ऐतिहासिक योगदान की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अश्व चेतक ने युद्ध के मैदान में अपने प्राणों की आहुति देकर महाराणा प्रताप के जीवन की रक्षा की थी।

000

नवकार महामंत्र दिवस आज मनाया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व नवकार मंत्र दिवस पर नई दिल्ली में समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज दुनिया के सामने सबसे बड़ा खतरा है। इसका उपाय समावेशी दिनचर्या है, जिसकी जैन समुदाय सदियों से पालना करता रहा है। प्रधानमंत्री ने नवकार महामंत्र के महत्व पर कहा कि यह विकसित भारत के दृष्टिकोण से जुड़ा है।

................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में नवकार मंत्र को कल्याण प्रार्थना बताया। उन्होंने कहा कि ये मंत्र मानव कल्याण से जुड़ा है। इसमें विश्व शांति की सामूहिक भावना सम्मिलित है। कार्यक्रम का आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन—जीतो की ओर से किया गया।

महावीर जयंती का पर्व कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर शोभायात्राएं और प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। इसके साथ ही जैन मंदिरों में अभिषेक के कार्यक्रम होंगे। महावीर जयंती के अवसर पर करौली जिले के श्रीमहावीर जी में कल मुख्य मेला भरेगा। सवाईमाधोपुर के श्री दिगंबर जैन आदर्श महिला महाविद्यालय में आज संगोष्ठी और जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर संगोष्ठी हुई।

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई अहम फैसलों को मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में इन निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने वर्ष 2025—26 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को स्वीकृति दी है। इसका शुरूआती खर्च एक हजार 600 करोड़ रुपये होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे किसानों को प्रति बूंद अधिक फसल प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस योजना का उद्देश्य मौजूदा नहरों और अन्य स्रोतों से सिंचाई के पानी की आपूर्ति का आधुनिकीकरण करना है।

000

भारतीय रिजर्व बैंक—आरबीआई ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी की है। रेपो दर अब छह प्रतिशत हो गई है। आरबीआई ने पांच साल में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। आज मुम्बई में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छह सदस्यों की मौद्रिक समिति ने इस वित्त वर्ष की पहली बैठक में सर्व—सम्मति से ये फैसला किया। उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई दर 2025—26 में चार प्रतिशत रहने की संभावना है।

श्री मल्होत्रा ने कहा कि 2025—26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद—जीडीपी वृद्धि दर साढ़े छह प्रतिशत रहने का अनुमान है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025, सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अब वक्फ की पवित्रता संरक्षित रहेगी। इसके साथ ही कमज़ोर तबके और मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा होगी। वक्फ संशोधन से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

**000**

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर तेज़ गर्मी का असर जारी है। हालांकि कुछ जगह झुलसाने वाली गर्मी के बाद मौसम बदला और हल्की बारिश दर्ज की गयी। गंगानगर के श्रीविजयनगर में और दौसा में दोपहर में बारिश हुई। वहीं सीकर में भी कल शाम हल्की बरसात हुई।

**000**

विश्व होम्योपैथी दिवस कल है। होम्योपैथी के जनक डॉ. सेम्यूअल हैनीमेन की जयंती के उपलक्ष में ये दिन मनाया जाता है। होम्योपैथी को बिना दुष्प्रभावों के रोगों का इलाज करने वाली प्रणाली माना जाता है। इस वर्ष के होम्योपैथी दिवस की थीम अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान रखी गयी है। गुजरात के गांधी नगर में कल से दो दिन के होम्योपैथी सम्मेलन की शुरूआत होगी।

**000**